भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 531

शुक्रवार, 26 जुलाई, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

ओएनडीसी की स्थिति और विस्तार

531. **श्री एस. निरंजन रेड्डी**:
क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) प्लेटफार्म पर क्रेताओं की संख्या में हुई वृद्धि धीमी है, यदि हाँ, तो इस धीमी वृद्धि के क्या कारण हैं;

(ख) ओएनडीसी नेटवर्क पर वर्तमान में सक्रिय खरीदारों, क्रेता प्लेटफार्मों, विक्रेताओं और विक्रेता प्लेटफार्मों की संख्या कितनी है और साथ ही ओएनडीसी से जुड़ी वितरण सेवाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) ओएनडीसी के बारे में विक्रेताओं और क्रेताओं के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न राज्यों में आयोजित की गई कार्यशालाओं की संख्या का ब्यौरा क्या है और इन कार्यशालाओं के क्या परिणाम रहे हैं; और

(घ) सहायता प्रदान करने हेतु प्रणालियों और क्षमता-निर्माण संबंधी पहलों को शुरू करने सहित किराना स्टोरों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) और अन्य छोटे व्यवसायों को ओएनडीसी प्लेटफॉर्म पर लाने हेतु क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जितिन प्रसाद)

(क) : ओपन नेटवर्क फॉर डिजीटल कॉमर्स (ओएनडीसी), जो कि सेक्शन-8 की कंपनी है, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी), वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की एक पहल है, जिसका लक्ष्य डिजीटल और इलेक्ट्रानिक नेटवर्क के माध्यम से वस्तुओं और सेवाओं के आदान-प्रदान के सभी पहलुओं के लिए ओपन नेटवर्क को प्रोत्साहित करना है। ओएनडीसी कोई ऐप या प्लेटफार्म नहीं है। यह नेटवर्क मॉडल पर निर्मित, एक डिजीटल सार्वजनिक अवसंरचना है। ओएनडीसी नेटवर्क पर उपभोक्ताओं/क्रेताओं की संख्या को ट्रैक नहीं करता है। ओएनडीसी ने एक वर्ष की अवधि के भीतर ही तेजी से विस्तार किया है, इस नेटवर्क पर जनवरी, 2023 के 1000 से अधिक ट्रांजैक्शन तेजी से बढ़कर एक वर्ष के बाद ही जून, 2024 में 9.9 मिलियन से अधिक हो गए हैं।

(ख) : ओएनडीसी पर 71 विक्रेता एप्लीकेशन, 22 क्रेता एप्लीकेशन और 16 लॉजिस्टिक सेवा प्रदाता हैं। नेटवर्क पर कुल 5.7 लाख से अधिक विक्रेता और सेवा प्रदाता हैं। ओएनडीसी, नेटवर्क पर क्रेताओं की संख्या को ट्रैक नहीं करता है।

(ग) : ओएनडीसी सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के विभिन्न विभागों के साथ सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। प्रत्येक राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र ने ओएनडीसी के साथ राज्यस्तरीय संलग्नता में तेजी लाने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। ओएनडीसी ने राज्यों के विभिन्न विभागों में ओएनडीसी के संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए 198 कार्यशालाएं आयोजित की हैं। इसके कुछ प्रमुख परिणाम निम्नानुसार हैं :

i. ओएनडीसी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वाले राज्यों की संख्या – 11 राज्य

ii. नेटवर्क पर शामिल राज्य एम्पोरियमों की संख्या - 11

iii. नेटवर्क पर शामिल राज्य इकाइयों/पीएसयू की संख्या - 31

(घ) : ओएनडीसी ने इस नेटवर्क की सुविधाओं का पूरा लाभ उठाने और ओएनडीसी के अनुरूप बनने हेतु किराना स्टोर्स, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) और अन्य छोटे व्यवसायों के बीच जागरूकता बढ़ाने, अनुकूलन करने और प्रशिक्षण देने के लिए विभिन्न पहलें शुरू की हैं। इनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- ओएनडीसी, छोटे विक्रेताओं और व्यवसायों को ओएनडीसी और इसके लाभ के बारे में शिक्षित करने हेतु देशभर के विभिन्न उद्योग संघों के साथ मिलकर जागरूकता संबंधी कार्यशालाओं का आयोजन कर रहा है। आरएआई, पीएचडीसीसीआई, फिक्की, नैसकॉम और एफएचआरएआई के सहयोग से विभिन्न संयुक्त कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं।
- ओएनडीसी ने ओपन डिजीटल सत्रों के माध्यम से वर्चुअल प्रशिक्षण और तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया है, जिसमें बड़ी संख्या में स्टार्टअप्स, छात्रों, व्यवसाय के अग्रणी उद्यमियों, नौकरशाहों आदि ने भाग लिया था।
- ओएनडीसी ने डिजीटल कॉमर्स के मामले में विक्रेताओं (विशेषरूप से नए विक्रेताओं) की सहायता के लिए 14 भाषाओं में एक हैंडबुक तैयार की है और इसे व्यापक रूप से वितरित किया जा रहा है।
- ओएनडीसी भारतीय भाषाओं में ऐप के विकास और ई-कॉमर्स में सुधार के लिए 'भाषिणी' के साथ मिलकर कार्य कर रहा है।
- ओएनडीसी ने विक्रेताओं की पहचान करने, ओएनडीसी के लाभ के बारे में विक्रेताओं को शिक्षित करने और विक्रेता एप्लीकेशनों के माध्यम से नेटवर्क में शामिल होने की प्रक्रिया बताने, विक्रेता एप्लीकेशनों पर ऑनबोर्ड होने और प्रारंभिक स्तर का मूलभूत कैटलॉग बनाने में विक्रेताओं को प्रारंभिक सहायता प्रदान करने में नेटवर्क प्रतिभागियों (एनपी) की मदद करने के लिए 'फीट ऑन स्ट्रीट कार्यक्रम' शुरू किया है।
- भारत के प्रत्येक गांव को राष्ट्रीय डिजीटल मार्केट से जोड़ने के लिए, सीएससी-कॉमन सर्विस सेंटरों को ओएनडीसी पर लाइव किया गया है।
- ओएनडीसी सहायक - ओएनडीसी के संबंध में सूचना प्राप्त करने में विक्रेताओं और क्रेताओं की सहायता के लिए, 5 भाषाओं में व्हाट्सऐप बोट "ओएनडीसी सहायक" शुरू किया गया है।
- ओएनडीसी ने एक अकादमी शुरू की है, जो शैक्षणिक और सूचनापरक पाठ और वीडियो सामग्री का संग्रह है। ओएनडीसी अकादमी, ओएनडीसी नेटवर्क के प्रत्येक प्रतिभागी के लिए एक सफल ई-कॉमर्स यात्रा हेतु मार्गदर्शन और सर्वोत्तम परिपाटियों की जानकारी के संबंध में एक विशेष रूप से तैयार शिक्षण अनुभव प्रदान कर रहा है।

*****